तापमान

अधिकतम 25 .0 डिग्री
न्यूनतम 4 .3 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, रविवार, 17 दिसंबर 2023



15 विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम



16 विजय दिवस पर किया शहीदों को नमन




## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट प्रथम सोनीपत ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमनदीप उर्फ पहलवान शहर मालपुर पानीपत का है। जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सोनीपत-खरखौदा रोड रोहट नहर पुल के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली, उसके पास एक अवैध देशी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### नाहरी में खेत से इंजन चोरी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव नाहरी में किसानों के खेत से इंजन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। संदीप कुमार ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। गत 30 नवंबर को रात के समय उसके खेत से जोकि हलालपुर सड़क मार्ग पर मौजूद है। किसी ने उसके खेत से पानी निकालने वाला इंजन चोरी कर लिया। उसे जानकारी मिली कि उसके पड़ोसी प्रदीप का भी ईंजन चोरी हुआ मिला।

### चोरी के आरोप में दो युवक काबू

**सोनीपत।** सेक्टर-24 सोनीपत शहर थाना पुलिस ने दो-पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आकाश निवासी कोट मोहल्ला व टिंकू उर्फ गोलू निवासी जीवन नगर का है। पुलिस ने इस संबंध मे मुकदमा दर्ज कर लिया है। लाजपत नगर दिल्ली कैंप निवासी गगन ने गत 5 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि किसी ने बैंक वाली गली से किसी ने उसकी स्कूटी को चोरी कर लिया।

### किसान के खेत से ट्रांसफार्मर चोरी

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव माहरा में किसान के खेत से बिजली का ट्रांसफार्मर के चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने बिजली निगम को अवगत करवाया। निगम अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।मोहाना क्षेत्र में बिजली निगम में कार्यरत राजमल जेई ने बताया कि किसान ने गत 15 दिसंबर को उसे अवगत करवाया कि गांव माहरा में किसान जगदीश के खेत में निगम की तरफ से बिजली सप्लाई देने के लिए ट्रांसफार्मर रखा था। जोकि किसी ने ट्रांसफार्मर चोरी हो गया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी अनम कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# मार्केट फीस बढ़ोतरी के विरोध में उतरे आढ़ती, 20 को मंडियां बंद रखने का ऐलान

## हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने बढ़ाई फीस आढ़ती बोले, मांगें नहीं मानें तो लाइसेंस करेंगे सरेंडर



**सोनीपत।** कृषि मंत्री जेपी दलाल से मुलाकात करते भाजपा नेता राजीव जैन व अन्य।

## हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने एक अक्तूबर से बढ़ाई गई फीस वसूल करने के आदेश जारी किए



**सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार को ज्ञापन सौंपते हुए आढ़ती।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से मार्केट फीस में बढ़ोतरी किए जाने का आढ़तियों ने विरोध किया है। जिसको लेकर आढ़तियों ने शनिवार को कामी रोड स्थित सब्जी मंडी में बैठक की। उन्होंने निर्णय लिया कि अगर जल्द ही सरकार ने बढ़ाई गई मार्केट फीस के आदेश को वापस नहीं लिया तो 20 दिसंबर को प्रदेश भर की सब्जी मंडियों को बंद कर हड़ताल रखी जाएगी। बैठक के दौरान आढ़तियों ने अपने लाइसेंस भी सरेंडर करने की चेतावनी दी। बैठक में पहुंची मार्केट कमेटी की सचिव ने आढ़तियों को समझाने की प्रयास किया, लेकिन आढ़ती अपनी मांगों पर अडिग रहे।

द सोनीपत फ्रूट एंड वेजिटेबल कमीशन एजेंट्स एसोसिएशन के प्रधान ललित खत्री ने बताया कि वर्ष 2014 से 2020 तक आढ़तियों से कोई मार्केट फीस नहीं ली जाती थी। वर्ष 2020 में कोरोना काल के दौरान सरकार ने आढ़तियों से एक फीसदी मार्केट फीस व एक फीसदी हरियाणा ग्रामीण विकास निधि (एचआरडीएफ) लेने का निर्णय लिया। अब सरकार ने 01 अक्तूबर से मार्केट फीस 40 फीसदी बढ़ा दी है। मार्केट फीस माफ कराने की मांग को लेकर प्रदेशभर के आढ़तियों का प्रतिनिधि मंडल 13 दिसंबर को हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक से मिला था। इस दौरान उन्होंने मुख्य प्रशासक से मार्केट फीस माफ करने की मांग की थी, लेकिन उनकी तरफ से कोई आश्वासन नहीं मिला। ऐसे में प्रदेशभर के आढ़तियों ने 20 दिसंबर को सब्जी मंडियां बंद करने का निर्णय लिया है। आढ़ती सरकार से कई सालों से अपनी आय 5 फीसदी से बढ़ाकर 7 फीसदी करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी सुनवाई नहीं कर रही। आढ़तियों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने 20 दिसंबर के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया तो मंडियां अनिश्चितकाल के लिए बंद कर देंगे।

### कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन

सब्जी मंडी के आढ़तियों पर एकमुस्त मार्केट फीस के विसंगतियों के खिलाफ पूरे प्रदेश में रोष प्रकट कर रहे आढ़तियों ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन के साथ सोनीपत के गांव झिंझोली पहुंचे कृषि मंत्री जेपी दलाल से भेट की ओर एक ज्ञापन सौंपा जिसमें पहले की तरह मार्केट फीस पूरी तरह हटाने की मांग की है। आढ़तियों का कहना है कि पहले एक प्रतिशत मार्केट फीस और एक प्रतिशत एचआरडीएफ फीस लगती थी जिसमें सरकार को ज्यादा फीस नहीं मिलने और मार्केट कमेटी के अधिकारियों द्वारा आढ़तियो को बार-बार परेशान करने के कारण एक मुस्त मार्केट फीस तय करने की माँग रखी गई थी। सरकार ने एक मुश्त फीस की माँग तो मान ली परंतु 2022 में भरी गई फीस को आधार मानते हुए 40% से ज्यादा बढ़ोतरी कर दी जो बिलकुल नाजायज है। राजीव जैन ने कृषि मंत्री से कहा कि मंडी के बाहर सब्जी खरीदने बेचने पर कोई फीस नहीं है इसलिए मार्केट फीस के स्लैब को ठीक किया जाए अन्यथा सारे आढ़ती मंडी के अंदर की बजाय बाहर व्यापार करने लगेंगे। उन्होंने कहा कि मार्केट फीस एडवांस लेने की बजाय तिमाही आधार पर ली जाए तो उचित रहेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि वह जल्द ही अधिकारियों को बुलाकर इस संबंध में बातचीत करेंगे। ज्ञापन देने में इंद्र गुप्ता, मनोज शर्मा, विनोद सैनी समेत कई आढ़ती शामिल थे।

### विधानसभा सत्र में उठाया जाएगा मामला : पंवार

विधायक सुरेंद्र पंवार को सब्जी मंडी के आढ़तियों ने लम-सम फीस की बढ़ोत्तरी होने के विरोध में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विधायक सुरेंद्र पंवार से मांग की है कि उनकी मांग को शीतकालीन सत्र में पुरजोर तरीके से उठाकर उनकी समस्या समाधान करवाया जाए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने आश्वासन दिया है कि उनकी मांग का पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। आढ़तियों ने दिए ज्ञापन में बताया कि 1 दिसम्बर को मार्केटिंग बोर्ड की तरफ एक नोटिफिकेशन जारी किया गया जिसमें सब्जी मंडी के आढ़तियों को लम-सम फीस भरने के निर्देश दिए गए। आढ़तियों ने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय आढ़तियों से यह फीस नहीं ली जाती थी, लेकिन आज आयेदिन सरकार द्वारा नए फरमान जारी कर दिए जाते है, जिसकी वजह से आढ़ती परेशान है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने सब्जी मंडी के आढ़तियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को पूरा करवाने के लिए भरसक प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान प्रधान ललित खत्री, राजेश दहिया, एडवोकेट मनीष सैनी, मनोज शर्मा, इंद्रप्रकाश गुप्ता, राजकुमार, विनोद, राजेश, दिनेश, महेंद्र सैनी, नरेंद्र, संजय सहित बड़ी तादाद में व्यापारी मौजूद रहे।

### मुख्यालय को जानकारी भेजी

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने 01 अक्तूबर से बढ़ाई गई मार्केट फीस वसूल करने के आदेश जारी किए हैं। बढ़ाई गई मार्केट फीस को लेकर सब्जी मंडी के आढ़ती आपत्ति जता रहे हैं। इस बारे में मुख्यालय को अवगत करा दिया जाएगा।

**ज्योति मोर**, सचिव, मार्केट कमेटी, सोनीपत

# डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार वायु सेना कर्मी की मौत

- मोहाना के पास हुए हादसे में गई जान, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को किया सुपुर्द
- रोहतक स्थित शादी समारोह से आ रहे थे वापस
- शनिवार शाम को ही दिल्ली से फ्लाइट पकड़कर जाना था झारखंड

**सोनीपत।** सोनीपत-गोहाना सड़क मार्ग पर गांव मोहाना के पास स्थित फिलिंग स्टेशन के पास डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार वायु सेना कर्मी की मौत हो गई। वह रोहतक में आयोजित शादी समारोह से वापस लौट रहे था। उन्हें शाम को ही झारखंड के लिए रवाना होना था। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। वह वायु सेना की लेखा शाखा में कार्यरत था। पुलिस डंपर चालक की तलाश कर रही है। गांव जुआं निवासी मनोज ने बताया कि उनका छोटा भाई यतनम (24) वायु सेना में कार्यरत थे। वह दो दिन पहले रोहतक शादी में गए थे। उनके भाई की नियुक्ति झारखंड में थी। उन्होंने शनिवार को दिल्ली से फ्लाइट पकडकर झारखंड जाना था। वह रोहतक से घर लौटते समय गांव मोहाना के पास स्थित फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल लेने चले गए। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उनके भाई की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उनके भाई की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मनोज के बयान पर डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मौत से गांव में पसरा मातम

जुआं के युवक की हादसे में मौत के बाद गांव में मातम पसर गया है। यतनाम दो भाइयों में छोटा था। उनका बड़ा भाई मनोज है। यतनाम अविवाहित थे। शनिवार को ड्यूटी पर जाने के लिए उन्होंने सभी तैयारी कर रखी थी। लेकिन हादसे ने उन्हें परिवार से सदा के लिए छीन लिया।

### डंपर चालक पर केस दर्ज

सड़क हादसे की सूचना मिली थी। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस डंपर चालक की तलाश कर रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

**अरूण कुमार**, प्रभारी मोहाना थाना।

# लूट के दो दोषियों को सात-सात व एक अन्य को छह साल की कैद

**सोनीपत।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय पराशर ने फार्म भंडार संचालक व उसके भाई को तमंचा दिखाकर 24 हजार रुपये लूट के मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने दो दोषियों को सात-सात साल कैद व तीसरे को छह साल कैद की सजा सुनाई है। तीनों पर पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना भी किया गया है।

वेस्ट रामनगर निवासी अंकित ने 12 जनवरी, 2021 को सिटी थाना पुलिस को बताया था कि उन्होंने सरदारों वाली गली में टीकाराम कन्या महाविद्यालय के पास फार्म भंडार खोल रखा है। उन्होंने तब



बताया था कि हरियाणा पुलिस के फार्म भरे जाने के चलते काम बढ़ गया है। वह रात को अपने भाई जयंत के साथ फार्म भंडार पर थे। उसी दौरान दो युवक फार्म भंडार पर आए थे।

वह पिस्तौल दिखाकर 24 हजार रुपये लूट ले गए थे। सिटी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस ने राजेंद्र नगर के मुकुल उर्फ मोहित सुभाष नगर के अमन उर्फ पंडित को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में उनके तीसरे साथी मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला के मेरठ के गांव फतेहपुर व घटना के समय शास्त्री कॉलोनी सोनीपत निवासी सचिन उर्फ भूरा को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उनसे वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद ली थी।मामले में एएसजे ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया। फैसला सुनाते हुए शनिवार को सचिन व मोहित उर्फ मुकुल को सात-सात साल व अमन उर्फ पंडित को छह साल कैद की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना किया गया है।

# महिला खेल प्रतियोगिताएं 19 को आहुलाना में

**गोहाना।** कथूरा खंड की महिलाओं की वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं 19 दिसंबर को आहुलाना गांव के स्टेडियम में होंगी। इसी दिन इस गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा दस्तक देगी।

### ये होंगे मुकाबले

महिला एवं बाल विकास विभाग के कथूरा खंड के लेखाकार प्रवीण मोर के अनुसार इन खेल प्रतियोगिताओं में 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए 100 मीटर रेस, मटका रेस और आलू-चम्मच रेस होंगी। 17 वर्ष से 30 वर्ष तक की महिलाओं की 400 मीटर रेस, 300 मीटर रेस और 5 किलोमीटर की साइकिल रेस होंगे। गोहाना खंड और मुंडलाना खंड की महिलाओं की सालाना खेल प्रतियोगिताएं इससे पहले गोहाना शहर के चौ. देवीलाल स्टेडियम में हो चुकी हैं।

# मोहन टुटेजा प्रधान और सतीश विज सर्वसम्मति से महासचिव चुने गए

**सोनीपत।** पंजाबी बिरादरी एकता मंच की जनरल बॉडी की मीटिंग शनिवार को शहीद मदन लाल ढींगरा सामुदायिक केंद्र में हुई। मीटिंग का संचालन महासचिव सतीश विज ने किया। मीटिंग में अध्यक्ष मोहन टुटेजा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा देने के उपरांत वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

इसके उपरांत चुनाव अधिकारी निखिल खतरेजा की अगुवाई में मोहन टुटेजा को फिर से प्रधान मनोनीत किया गया। वहीं महासचिव पद के लिये फिर से सतीश विज को ही चुना गया।



**सोनीपत।** बैठक करते मंच के पदाधिकारी।

उपप्रधान पद पर सुशील स्याल और कोषाध्यक्ष पद पर संजीव कुमार सरदाना को चुना गया। इस मौके पर एसी लूथरा, अनिल सेठ, मदन लाल, मलिकराज ओबराय, ओपी एलाबादी, चरणजीत मनचंदा, किशोर छाबड़ा, महेश सरदाना, हरबंस लाल अरोड़ा, केसी डुडेजा, मूलचंद कामरा, संदीप आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कामी सड़क मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद से चालक फरार है।

गांव गाजीपुर तमकुही सुजान हाल में गली नंबर-11 ऋषिक कॉलोनी निवासी मनोज ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। उसकी पत्नी निकि उर्फ रिंकू (35) के हादसे की सूचना मिली। निजी तौर पर तस्सली की।




उसे पता चला कि उसकी पत्नी को ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने चपेट में ले लिया था। हादसे में उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# दिशा की बैठक में ठसका की ब्राह्मण चौपाल व पाई में परशुराम चौक का किया लोकार्पण

- सांसद ने पंचायती राज के तहत किए जाने वाले विकास कार्यों को गति देने के निर्देश दिए
- हर घर जल मिशन के तहत जलापूर्ति कार्य की मॉनिटरिंग करें संबंधित एसडीएम : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला विकास समन्वयन एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की मासिक बैठक के अवसर पर सांसद रमेश कौशिक ने ठसका में नवनिर्मित ब्राह्मण चौपाल (लागत पांच लाख रुपये) व पाई में परशुराम चौक (लागत दस लाख रुपये)को लोकार्पित किया। साथ ही उन्होंने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को विकास कार्यों को गति देने के साथ समयबद्घता से सभी कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

लघु सचिवालय में सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वयन एवं मूल्यांकन समिति की बैठक का आयोजन किया गया।



**सोनीपत।** बैठक से पूर्व चौपाल और चौक को लोकर्पित करते सांसद रमेश कौशिक।

### रिपोट की तलब

सांसद रमेश कौशिक ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने की रिपोर्ट तलब की। उन्होंने संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस कार्य की मॉनिटरिंग करें, ताकि लोगों को शुद्घ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने समसपुर गामड़ा में चौपाल निर्माण में हुए विलंब पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौपाल का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। सांसद कौशिक ने कहा कि रेलवे के सभी अंडरपास कवर करने का निर्णय लिया जा चुका है, जिसकी अनुपालना सुनिश्चित की जाए। सांसद कौशिक ने एजेंडा में शामिल सभी मामलों की गंभीरता से समीक्षा की। उन्होंने अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य की रिपोर्ट भी तलब की। इस दौरान उपायुक्त डा. मनोज कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, सीईओ डा. सुशील मलिक, एसडीएम निर्मल नागर, एसडीएम आशीष कुमार, एसडीएम अमित कुमार, एसडीएम डा. अनमोल, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री, डीडीपीओ राजपाल चहल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# नर्सिंग अधिकारियों ने दूसरे दिन भी काले बिल्ले लगाकर किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में दूसरे दिन शनिवार को भी नर्सिंग अधिकारियों ने काले बिल्ले लगाकर काम किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नर्सिंग अधिकारियों ने सरकार से लंबित मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के निर्देश पर वह 20 दिसंबर तक रोजाना काले बिल्ले लगाकर काम करेंगी। उसके बावजूद सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की पूर्व प्रधान सुनीता राठी ने बताया कि नर्सिंग अधिकारियों की ओर से लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है। स्टाफ नर्सों को नर्सिंग अधिकारी बना दिया गया, लेकिन उन्हें ग्रुप सी से ग्रुप बी में अब तक शामिल नहीं किया गया। नसिंर्ग अधिकारियों के लिए 7200 रुपये नर्सिंग अलाउंस अभी तक लागू नहीं किया गया। नर्सिंग अलाउंस लेना उनका मौलिक अधिकार है। जबकि दूसरे प्रदेशों में नर्सिंग अधिकारियों को ग्रुप बी का दर्जा जा चुका है और नर्सिंग अलाउंस भी दिया गया है। जिसके चलते नसिंर्ग अधिकारियों ने 20 दिसंबर तक लगातार काले बिल्ले लगाकर काम करने का निर्णय लिया है।

- लंबित मांगे पूरी न होने के चलते कर्मचारी नाराज
- 20 तक काले बिल्ले लगाकर काम करेंगे

# अगले साल के लिए ऐसा बनाएं पोर्टफोलियो, रहेंगे फायदे में

## इक्विटी, डेट और गोल्ड के सही बैलेंस से मिलेगा हाई रिटर्न, राजनीतिक निरंतरता भी बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ा रही

- वर्तमान वैल्युएशन पर, लार्जकैप में मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन
- शेयर बाजार रोज नए रिकॉर्ड बना रहा, सभी फंडों में दिख रहा उछाल, दे सकता है बढ़िया रिटर्न
- बाजार की लेटेस्ट रैली में सेंसेक्स 70500 के लेवल से पार गया, निवेशकों ने करोड़ों कमाए
- निफ्टी भी 21150 के पार निकला और लाखों निवेशकों को दे गया अच्छा मुनाफा

बिजनेस डेस्क

अगर आप निवेशक हैं या निवेश करने जा रहे हैं और अगले साल अच्छा मुनाफा चाहते हैं जो कुछ बातें पल्ले गांठ बांध लें और निवेश के लिए तैयार हो जाएं। अपने पोर्टफोलियों को इक्विटी, डेट और गोल्ड के सही बैलेंस से मजबूत बना लें और अच्छा मुनाफा कमाने के लिए तैयार हो जाएं। इससे आपको हाई रिटर्न मिलेगा और आप आसानी से मालामाल हो जाएंगे। राजनीतिक निरंतरता भी बाजार के आत्मविश्वास को बढ़ा रही हैं। जो निवेशकों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। तो आप भी निवेश के लिए तैयार हो जाएं और नए साल से पहले अपने पोर्टफोलियो को रीबैलेंस करने के बारे में विचार करें। वैसे भी शेयर बाजार रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है।

बाजार की लेटेस्ट रैली में सेंसेक्स 70500 के लेवल को पार कर गया तो निफ्टी भी 21150 के पार निकल गया। साल 2023 में दोनों इंडेक्स में 16 से 17 फीसदी तेजी आई है। ऐसे में बाजार का वैल्युएशन एक चिंता वाली बात है। इसलिए नए साल के पहले अलग-अलग एसेट क्लास मसलन इक्विटी, डेट और गोल्ड में अपना पैसा बैलेंस तरीके अलोकेट करना चाहिए, ताकि पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाइड तरीके से मजबूत किया जा सके। साथ ही आने वाले दिनों में रिस्क कम करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल हो सके। बाजार के जानकारों का कहना है कि इस साल आप सधी शुरूआत के साथ बाजार में उतरेंगे और अपनी रिस्क क्षमता के साथ सावधानीपूर्वक बाजार का मंथन कर निवेश करेंगे तो बेहद कम समय में ही मालामाल होकर अपने भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित कर लेंगे। इस रिपोर्ट में हम आपको कुछ ऐसे ही ऐसेट्स बताएंगे जो आपको निवेश करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। हलांकि बाजार में उतार-चढ़ाव तो बना ही रहता है।

### अभी किस एसेट पर क्या व्यू

- इक्विटीः ओवरवेट - बेहतर मैक्रो के चलते बाजार में रहेगी तेजी
- डेट : न्यूट्रल
- गोल्ड : न्यूट्रल
- इक्विटीः रैली बनाए रखने पर बाजार की नजर

कई ब्रोकरेज हाउस के अनुसार फेवरेबल मैक्रोज के चलते बाजार की अभी एक और रैली पर नजर है। ओवरआल इक्विटी मार्केट के पक्ष में मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक में बदलाव के कारण नवंबर 2023 भारतीय इक्विटी मार्केट के लिए एक रिकवरी महीना साबित हुआ, जिसके चलते निफ्टी ने 1 दिसंबर, 2023 को 20,268 के आल टाइम हाई को टच कर लिया और निवेशकों को बेहतर मार्जन दिया। कई मैक्रोइकोनॉमिक पैरामीटर्स में सुधार से मसलन, अमेरिका में 10-साल की बॉन्ड यील्ड में कूल-ऑफ, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, हाई-फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स में सुधार, क्यू-2एफवाई-24 में मजबूत अर्निंग, और राज्य चुनावों में सत्ताधारी दल के बेहतर प्रदर्शन। सभी चीजें बाजार के अनुकूल दिखाई दे रही हैं। ऐसे में निवेशकों को घबराना नहीं चाहिए। हालांकि थोड़े लंबे समय के लिए निवेश करना चाहिए।

### निफ्टी के लिए बड़ा टारगेट

कुछ ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि वर्तमान वैल्युएशन पर, लार्जकैप में मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन दिख रहा है। बहरहाल, ब्रॉडर इंडियन मार्केट की लॉन्ग टर्म स्टोरी आकर्षक बनी हुई है और इस संदर्भ में,



'ग्रोथ ऐट ए रीजनेबल प्राइस' थीम अभी के माहौल में आकर्षक लग रही है। ब्रोकरेज ने दिसंबर 2024 के लिए निफ्टी का टारगेट बढ़ाकर 23,000 कर दिया है। यह और निवेशकों को लुभाने वाली बात है।

### अर्थव्यवस्था में जारी रहेगी मजबूती

विधानसभा चुनावों में 4 प्रमुख राज्यों में से 3 में भाजपा के धमाकेदार प्रदर्शन के बाद यह मैक्रोइकोनॉमिक नैरेटिव और मजबूत हुआ है। 2024 के आम चुनावों में राजनीतिक निरंतरता की इस कहानी ने बाजार के आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया है। इससे नीतिगत निरंतरता पर विजिबिलिटी भी बढ़ी है, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था को अपनी विकास गति को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। पिछले कुछ महीनों में मिडकैप और स्मॉलकैप की मजबूत पकड़ के साथ, हमारा मानना है कि लार्जकैप की तुलना में कुछ पॉकेट्स में मौजूदा स्तरों पर सेफ्टी मार्जिन कम हो गया है। जानकारों का कहना है कि अर्थव्यवस्था मजबूत रहेगी।

### कहां व कितना करें निवेश

| परिसंपत्ति | जोखिम | रूढ़िवादी | ग्रोथ | अग्रेसिव |
|---|---|---|---|---|
| इक्विटी | 0% | 20% | 50% | 70% | 90% |
| सोना | 70% | 70% | 35% | 15% | 5% |
| ऋण | 30% | 10% | 15% | 15% | 5% |
| कुल | 100% | 100% | 100% | 100% | 100% |

### सोनाः 'गिरावट पर खरीदें'



गोल्ड पर ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल स्टांस जारी रखा है और 'गिरावट पर खरीदारी' की रणनीति की सलाह दी है। इससे आपको अगले साल बेहतर रिटर्न मिल सकता है। स्वर्ण बाजार के जानकारों का मानना है कि अगने साल सोना 65 से 70 हजार प्रति दस ग्राम तक के स्तर को भी छू सकता है। गोल्ड में निवेशकों को अच्छा मार्जन मिलने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, कहा भी जाता है कि सोने में निवेश सबसे सुरक्षित है। हालांकि जानकार सोने को गिरावट के बाद ही खरीदने की सलाह दे रहे हैं।

### बॉन्ड मार्केट

ब्रोकरेज हाउस ने जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर कुछ नोन-एएए एक्सपोजर वाले बॉन्ड के लिए क्वालिटी अप्रोच का रिकमेंडेशन करते हैं।

### करंसी मार्केट को डायरेक्शन देने वाले इवेंट

1) एफओएमसी मीटिंग में ब्याज दरों को लेकर आगे क्या फैसला आता है
2) विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ग्रोथ
3) तेल की कीमतें
4) कमोडिटी प्रॉसेस की दिशा
5) महंगाई और विकास की गतिशीलता
6) फॉरेन फ्लो की दिशा

# क्रेडिट कार्ड ईएमआई में क्यों करना पड़ता है 18% ज्यादा भुगतान

- क्रेडिट कार्ड के खर्च को ईएमआई में तब्दील करना चाहते हैं, तो जान लें जरूरी बातें
- ईएमआई में आम तौर पर बताए गए ब्याज से ज्यादा भुगतान करना होगा
- यहां तक कि नो कॉस्ट ईएमआई भी बिना लागत नहीं होती

बिजनेस डेस्क

यह बात तो आम तौर पर सभी लोग जानते हैं कि क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम को ड्यू डेट यानी देय तारीख तक पूरी तरह नहीं चुकाने पर काफी भारी-भरकम ब्याज देना पड़ सकता है। यह ब्याज कई बार सालाना 42 फीसदी तक भी हो सकता है। इसके अलावा कई बार लेट पेमेंट पेनाल्टी के तौर पर भी मोटी रकम देनी पड़ सकती है, लेकिन अगर आपने क्रेडिट कार्ड से कोई बड़ी खरीदारी की है और ड्यू डेट तक पूरी रकम चुकाना मुश्किल हो रहा है, तो एक उपाय पूरे पेमेंट को ईएमआई में तब्दील करने का होता है। ऐसी ईएमआई पर लगने वाला इंटरेस्ट उस ब्याज के मुकाबले कम होता है, जो पूरी रकम का भुगतान नहीं करने पर देना पड़ता है, लेकिन क्या आपको पता है कि क्रेडिट कार्ड की ईएमआई में बताए गए ब्याज के अलावा 18% एक्स्ट्रा कॉस्ट यानी अतिरिक्त लागत भी जुड़ी होती है।

### 'नो कॉस्ट ईएमआई' भी बिना लागत नहीं

कई बार आपको क्रेडिट कार्ड कंपनी/रिटेलर की तरफ से पूरी रकम को 'नो कॉस्ट ईएमआई' में तब्दील करने का ऑफर भी मिलता है। आम तौर पर लोग इससे काफी आकर्षित हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि 'नो कॉस्ट ईएमआई' का मतलब यह है कि आपको सिर्फ उतने ही पैसे देने हैं, जितने की आपने खरीदारी की है। इसके अलावा कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा, लेकिन आम तौर पर ऐसा होता नहीं है। अक्सर 'नो कॉस्ट ईएमआई' की भी लागत होती है। अगर आपको इस सुविधा का लाभ उठाने का फैसला करते समय इस बारे में जानकारी नहीं होगी, तो क्रेडिट कार्ड की ईएमआई का पेमेंट करते समय आपको झटका लग सकता है।

### ऐसा क्यों होता है

आपको पता होना चाहिए कि क्रेडिट कार्ड की बकाया रकम पर लगने वाले ब्याज पर आपको गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) भी देना पड़ सकता है। दरअसल, वित्तीय संस्थानों की बहुत सारी सर्विसेज और चार्जेज जीएसटी के दायरे में शामिल हैं, जिनका बोझ आखिरकार ग्राहकों पर ही पड़ता है। क्रेडिट कार्ड पर लगने वाला इंटरेस्ट भी इसी कैटेगरी में शामिल है, जिस पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी देना होता है। यह जीएसटी क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन के इंटरेस्ट पर लगता है। जाहिर है कि अगर आपने क्रेडिट कार्ड से किए खर्च को ईएमआई में तब्दील किया तो बिल आने पर इंटरेस्ट के ऊपर 18 फीसदी जीएसटी भी जुड़ा हुआ मिलेगा। मिसाल के तौर पर अगर आप ईएमआई के लिए 20 फीसदी ब्याज दे रहे हैं, तो उस पर 18 फीसदी जीएसटी जोड़ने के बाद ब्याज की पूरी लागत 23.6 फीसदी हो जाएगी।

### क्रेडिट कार्ड इंटरेस्ट पर जीएसटी

हमने क्रेडिट कार्ड के सामान्य ईएमआई पर लगने वाले जीएसटी की बात की, लेकिन आपके मन में ये सवाल उठ रहा होगा कि अगर हमारी ईएमआई 'नो कॉस्ट' है, तो भला उस पर जीएसटी क्यों लगेगा? दरअसल, नो-कॉस्ट ईएमआई के मामले में भी आमतौर पर ऐसा नहीं होता कि क्रेडिट कार्ड कंपनी ब्याज न ले। असल में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाला बैंक तो ब्याज लेता है, लेकिन सामान बेचने वाला रिटेलर ईएमआई के पूरे टेन्योर के दौरान वसूले जाने वाले ब्याज के बराबर रकम आपको इंस्टैंट डिस्काउंट के रूप में ऑफर कर देता है। इसलिए वो दावा करता है कि आपके लिए इस ईएमआई की कोई लागत नहीं है, लेकिन ऑफर किए जा रहे डिस्काउंट में आमतौर पर सिर्फ ईएमआई का ब्याज शामिल होता है, उस ब्याज पर सरकार की तरफ से वसूला जाने वाला जीएसटी नहीं। मिसाल के तौर पर अगर क्रेडिट कार्ड ईएमआई का ब्याज सालाना 20 फीसदी है, तो आपको उस पर 18 फीसदी जीएसटी देना होगा, जो ईएमआई की कुल रकम के 3.6 फीसदी के बराबर होगा।

**यह भी संभव :** हो सकता है आपको प्रोसेसिंग फीस या किसी और चार्ज के रूप में कुछ और पैसे भी देने पड़ें। इसलिए अगर आप क्रेडिट कार्ड की खरीदारी को ईएमआई या नो कॉस्ट ईएमआई में तब्दील कराने की सोच रहे हैं, तो पहले इन सभी अतिरिक्त लागतों को जोड़कर उसकी लागत निकालें और तभी कोई फैसला करें।



- निवेश में विविधता लाएं, निवेश बढ़ाते जाएं
- अपने पोर्टफोलियो का नए सिरे से आकलन करें
- बाजार के मूड और माहौल के हिसाब से करें निवेश
- अलग-अलग एसेट क्लास में अपना पैसा अलोकेट करें
- अक्टूबर इक्विटी मार्केट के लिए सबसे अस्थिर महीना रहा

# डायवर्सिफिकेशन के सूत्र को अपनाएं

बिजनेस डेस्क

अगर आप निवेशक हैं तो आपको अपने पोर्टफोलियो का नए सिरे से आकलन करना चाहिए। न सिर्फ आकलन करना चाहिए, बल्कि बाजार के मूड और माहौल के हिसाब से अलग अलग एसेट क्लास में अपना पैसा अलोकेट करना चाहिए, ताकि आपके पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफिकेशन मिले और रिस्क को मैनेज करते हुए बेहतर रिटर्न हासिल हो सके। किस मार्केट साइकिल में आपको कितना पैसा कहां मसलन इक्विटी, गोल्ड, बांड या ऐसे दूसरे एसेट एसेट क्लास में होना चाहिए, इसका अपना खास महत्व है। एक ब्रोकरेज हाउस ने मल्टी एसेट अलोकेशन को लेकर अपनी एक रिपोर्ट दी है। इस रिपोर्ट में उसने कई अहम बिंदुओं को उठाया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि आप किस तरह से अपने पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाई कर खुद को अमीर बना सकते हैं और कैसे अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

### अभी किस एसेट पर क्या है व्यू

#### इक्विटी-'रीजनेबल प्राइस पर ग्रोथ'

रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर 2023 की बात करें तो यह इक्विटी मार्केट के लिए एक अस्थिर महीना साबित हुआ, क्योंकि इस दौरान निफ्टी 50 टॉप लेवल से 6 फीसदी तक करेक्ट हुआ है। इस गिरावट का कारण बनने वाले कुछ महत्वपूर्ण फैक्टर थे। पहलाः यूएस 10-ईयर बांड यील्ड में ग्रोथ। दूसराः मिड ईस्ट में चल रहे जियो-पॉलिटिकल टेंशन। तीसराः बढ़ती और अस्थिर कच्चे तेल की कीमतें। चौथाः कंजम्पशन ग्रोथ में नरमी।

### ये रहे विनर

हालांकि, स्मॉल और मिडकैप पिछले एक साल में 29% और 25% की ग्रोथ के साथ विनर रहे हैं। यहां से आगे, बाजार में एक स्टाइल और सेक्टर रोटेशन देखने की संभावना है, पिछले कुछ महीनों में मिडकैप और स्मॉलकैप की मजबूत पकड़ के साथ, ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि लार्जकैप की तुलना में कुछ पॉकेट्स में मौजूदा स्तरों पर सेफ्टी मार्जिन कम हो गया। इसे ध्यान में रखते हुए, ब्रॉडर मार्केट में निकट अवधि में कुछ समय के लिए करेक्शन देखा जा सकता है और फ्लो लार्जकैप की ओर ट्रांसफर होने की संभावना है।

### ये सेफ्टी मार्जिन दे रहे

मौजूदा वैल्युएशन पर, हाई बांड यील्ड, बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों और मजबूत डॉलर सूचकांक के मौजूदा सीनेरियो के बीच लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप की तुलना में अधिक सेफ्टी मार्जिन प्रदान करते हैं। बहरहाल, ब्रॉडर मार्केट की लॉन्ग टर्म स्टोरी आकर्षक बनी हुई है और इस संदर्भ में, 'रीजनेबल प्राइस पर ग्रोथ' थीम वर्तमान समय में आकर्षक लग रही है। ब्रोकरेज ने दिसंबर 2023 के लिए निफ्टी का टारगेट 20,200 पर बनाए रखा है।

### बॉन्ड मार्केट

कुछ ब्रोकरेज हाउस जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर कुछ नॉन-एएए एक्सपोजर वाले बॉन्ड के लिए क्वालिटी अप्रोच का रिकमेंडेशन करते हैं।


### गोल्ड

गोल्ड पर ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल स्टांस जारी रखा है और 'गिरावट पर खरीदारी' की रणनीति की सलाह दी है।

### करंसी मार्केट को ये देते हैं दिशा

1. एफओएमसी मीटिंग में ब्याज दरों को लेकर आगे क्या फैसला आता है
2. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ग्रोथ
3. तेल की कीमतें
4. कमोडिटी प्रॉसेस की दिशा
5. महंगाई और विकास की गतिशीलता
6. विदेशी प्रवाह की दिशा

# बल्क/ब्लॉक/इनसाइडर डील क्या है?



दीपशा तनेजा
फाइनेंसियल एडवाइजर

स्टॉक में निवेश करने वाले जरूर जान लें इन टर्म के बारे में, थोक डील एक ऐसा व्यापार, जहां एक एकल निवेशक लेनदेन के माध्यम से इक्विटी शेयर खरीदता या बेचता है



याद रखें कि थोक सौदे आपके समग्र विश्लेषण में केवल एक कारक हैं, और इस जानकारी को एक व्यापक ट्रेडिंग रणनीति के साथ एकीकृत करना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, हमेशा जानकारी को सत्यापित करें, बाज़ार नियमों के बारे में सूचित रहें और व्यापारिक निर्णय लेने से पहले वित्तीय पेशेवरों से परामर्श करने पर विचार करें।

शेयर बाजार में बल्क यानी थोक सौदे, व ब्लॉक डील बहुत महत्वपूर्ण है। स्टॉक में निवेश करने वालों को इन टर्म के बारे में पता होना चाहिए। शेयर बाजार में इन दो लोकप्रिय प्रकार के सौदों के अलावा, एक और प्रकार का सौदा होता है जो ऐसे व्यक्तियों द्वारा होता है जो कंपनी के बारे में आंतरिक जानकारी तक पहुंच रखने वाले प्रमोटर या निवेशक समूह होते हैं। इस प्रकार के सौदों को अंदरूनी सौदे यानी इनसाइडर डील के रूप में जाना जाता है। अब इन्हें और विस्तार से समझते हैं। थोक डील क्या है? बल्क यानी थोक डील एक ऐसा व्यापार है जहां एक एकल निवेशक एक लेनदेन के माध्यम से किसी कंपनी के 0.5% से अधिक इक्विटी शेयर खरीदता या बेचता है। इसलिए, उदाहरण के लिए, यदि कंपनी ए के पास कुल बकाया शेयरों की संख्या 1 करोड़ है, तो एक थोक सौदे में एक ही लेनदेन में कम से कम 50,000 शेयर (1 करोड़ का 0.5%) खरीदना या बेचना शामिल होगा। सभी एनएसई थोक सौदे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को रिपोर्ट किए जाते हैं, और सभी बीएसई थोक सौदे वास्तविक समय में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को रिपोर्ट किए जाते हैं और दिन के अंत में जनता के लिए उपलब्ध होते हैं। तो, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर किए गए कोई भी थोक सौदे एनएसई थोक सौदे हैं, जबकि यदि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर थोक सौदे किए जाते हैं, तो वे बीएसई थोक सौदे हैं। ये सौदे संस्थागत निवेशकों, म्यूचुअल फंड और अन्य बड़े बाजार सहभागियों की व्यापारिक गतिविधि में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं, जो स्टॉक की कीमत और समग्र बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

### ब्लॉक डील क्या है?

एनएसई ब्लॉक डील या बीएसई ब्लॉक डील थोक डील से काफी अलग हैं; ब्लॉक डील के मामले में, दो ज्ञात पक्षों के बीच एक सहमत मूल्य पर न्यूनतम 10 करोड़ रुपये मूल्य के बड़ी संख्या में शेयरों की खरीद या बिक्री होनी चाहिए। हाँ! एक ब्लॉक डील में, खरीदार और विक्रेता दोनों पहले से ही एक-दूसरे को जानते हैं, और सौदे पर ऑफ-मार्केट बातचीत की जाती है, जिसका अर्थ है कि इसे नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से निष्पादित नहीं किया जाता है जहां अधिकांश खुदरा निवेशक शेयर खरीदते और बेचते हैं। ब्लॉक डील को विशेष ₹ब्लॉक डील विंडो₹ पर एकल लेनदेन के माध्यम से अलग से निष्पादित किया जाता है, जो आम तौर पर सुबह के सत्र में केवल 35 मिनट के लिए खुला होता है।

## बल्क सौदे बनाम ब्लॉक सौदे डील का आकार

### ब्लॉक डील

इसमें बड़ी मात्रा में शेयर शामिल होते हैं, जो आमतौर पर स्टॉक एक्सचेंज द्वारा निर्धारित पूर्वनिर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक होते हैं (उदाहरण के लिए, 5,00,000 शेयर या भारत में न्यूनतम मूल्य 5 करोड़ रुपये)। ब्लॉक डील का आकार पर्याप्त होता है, और लेनदेन मूल्य महत्वपूर्ण हो सकता है।

### बल्क डील

इसमें पर्याप्त मात्रा में शेयर शामिल होते हैं, लेकिन स्टॉक एक्सचेंज द्वारा परिभाषित कोई विशिष्ट न्यूनतम मात्रा नहीं होती है। किसी कंपनी के इक्विटी शेयरों के न्यूनतम 0.5% वाले लेनदेन को अक्सर थोक सौदे माना जाता है। थोक सौदे का आकार महत्वपूर्ण है लेकिन ब्लॉक सौदे जितना बड़ा नहीं हो सकता है।

### निष्पादन

#### ब्लॉक डील

एक विशेष व्यापार के माध्यम से निष्पादित। स्टॉक की कीमत पर प्रभाव को कम करने के लिए नियमित बाजार घंटों से अलग विंडो या तंत्र। ब्लॉक डील के लिए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को बड़े लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

#### थोक सौदा

सामान्य बाजार घंटों के दौरान स्टॉक एक्सचेंज के नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निष्पादित। लेन-देन नियमित बाज़ार गतिविधि के साथ एकीकृत होते हैं और स्टॉक की कीमत पर तुलनात्मक रूप से कम प्रभाव पड़ सकता है।

### प्रकटीकरण

#### ब्लॉक डील

मात्रा, कीमत और प्रतिभागियों सहित ब्लॉक डील विवरण का तत्काल और अनिवार्य खुलासा आवश्यक है। यह बाजार में पारदर्शिता और सूचना का समय पर प्रसार सुनिश्चित करता है।

#### थोक सौदा

ब्लॉक सौदों की तुलना में थोक सौदों के लिए प्रकटीकरण आवश्यकताएँ कम कठोर हैं। हालाँकि एक्सचेंजों को प्रकटीकरण की आवश्यकता होती है, यह प्रक्रिया तत्काल या विस्तृत नहीं हो सकती है।

### प्रतिभागी

#### ब्लॉक डील

इसमें आमतौर पर संस्थागत निवेशक, म्यूचुअल फंड या बड़े वित्तीय संस्थान शामिल होते हैं। संस्थागत प्रतिभागी अक्सर बाजार पर अत्यधिक प्रभाव डाले बिना महत्वपूर्ण लेनदेन निष्पादित करने के लिए ब्लॉक डील में संलग्न होते हैं।

#### थोक सौदा

इसमें खुदरा निवेशकों, उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों और छोटे संस्थागत खिलाड़ियों सहित प्रतिभागियों का एक विविध समूह शामिल हो सकता है। कठोर न्यूनतम मात्रा सीमा के अभाव के कारण थोक सौदे प्रतिभागियों की एक विस्तृत श्रृंखला को आकर्षित कर सकते हैं।

### ध्यान रखें

हालांकि, व्यापक दृष्टिकोण से, थोक सौदे और ब्लॉक सौदे दोनों समान लगते हैं, क्योंकि इसमें महत्वपूर्ण मात्रा में शेयरों की खरीद या बिक्री शामिल होती है। हालाँकि, उनमें से प्रत्येक की विशिष्ट विशेषताएं हैं, जिन्हें चार मापदंडों के आधार पर समझाया गया है। संक्षेप में, थोक और ब्लॉक सौदों के बीच मुख्य अंतर उनके आकार मानदंड, निष्पादन के तरीके और बाजार दृश्यता पर प्रभाव हैं। दोनों सौदों में महत्वपूर्ण संख्या में शेयर शामिल हैं, लेकिन ब्लॉक सौदे पूर्ण मात्रा/मूल्य पर अधिक केंद्रित होते हैं और बाजार के प्रभाव को कम करने के लिए ऑफ-मार्केट निष्पादित किए जाते हैं। दूसरी ओर, थोक सौदे नियमित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर निष्पादित किए जाते हैं, जो बाजार की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

## इनसाइडर डील क्या है?

जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, ये सौदे प्रमोटर समूहों या निवेशक समूहों के व्यक्तियों द्वारा किए जाते हैं। लेकिन चूंकि ऐसे व्यक्तियों के पास कंपनी के बारे में आंतरिक जानकारी तक पहुंच होती है, इसलिए अनुचित लाभ या स्टॉक में हेरफेर को रोकने के लिए, बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा ऐसे सौदों की बारीकी से निगरानी की जाती है। अंदरूनी व्यापार को आम तौर पर तब अवैध माना जाता है जब इसमें कंपनी के व्यक्तियों द्वारा गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर शेयरों का व्यापार शामिल होता है। हालाँकि, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि हालाँकि अंदरूनी सौदे एक चिंता का विषय हैं, लेकिन अंदरूनी सूत्रों द्वारा किए गए सभी लेनदेन अवैध नहीं हैं। अंदरूनी सूत्रों को कुछ शर्तों के तहत अपनी कंपनी की प्रतिभूतियों का व्यापार करने की अनुमति है, जैसे विशिष्ट रिपोर्टिंग आवश्यकताओं का पालन करना और महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर व्यापार करने से बचना।

## ट्रेडिंग अवसरों की पहचान कैसे करें?

### थोक डील डेटा तक पहुंचें

एनएसई अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर थोक सौदों की जानकारी प्रदान करता है। आप दैनिक थोक डील डेटा पा सकते हैं जिसमें स्टॉक का नाम, कारोबार की मात्रा, कारोबार की कीमत और खरीदारों और विक्रेताओं के नाम जैसे विवरण शामिल हैं।

### थोक सौदों के महत्व को समझें

पहचानें कि थोक सौदों में बड़े लेनदेन शामिल होते हैं, और संस्थागत निवेशक या उच्च-निवल मूल्य वाले व्यक्ति अक्सर इन सौदों में भाग लेते हैं। थोक सौदों के माध्यम से स्वामित्व में एक महत्वपूर्ण बदलाव बाजार की धारणा में बदलाव का संकेत दे सकता है।

### रुझान और पैटर्न देखें

रुझानों और पैटर्न की पहचान करने के लिए विशिष्ट शेयरों के ऐतिहासिक थोक सौदे डेटा विश्लेषण करें। आवर्ती खरीदारों या विक्रेताओं, व्यापारिक गतिविधि में वृद्धि, या समय के साथ थोक सौदों की एक श्रृंखला की तलाश करें।

### कारोबार की मात्रा पर विचार करें

थोक सौदे में कारोबार किए गए शेयरों की मात्रा पर ध्यान दें। स्टॉक के औसत ट्रेडिंग वॉल्यूम के सापेक्ष बड़ी मात्रा निवेशकों की बढ़ी हुई रुचि या संभावित संस्थागत गतिविधि का संकेत दे सकती है। थोक सौदों से जुड़े मूल्य उतार-चढ़ाव का मूल्यांकन करें। एक थोक सौदे के बाद एक महत्वपूर्ण मूल्य परिवर्तन यह संकेत दे सकता है कि सौदे ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है, और आगे की कीमत में उतार-चढ़ाव की उम्मीद की जा सकती है।

### अंदरूनी व्यापार की जांच करें

जबकि थोक सौदे स्वयं अंदरूनी व्यापार का संकेत नहीं दे सकते हैं, असामान्य या अप्रत्याशित व्यापारिक गतिविधि की जांच की जानी चाहिए। किसी भी बाद की घोषणा या समाचार पर नज़र रखें जो थोक सौदे की गतिविधि को समझा सके।

### तकनीकी विश्लेषण का प्रयोग करें

संभावित प्रवेश या निकास बिंदुओं की पहचान करने के लिए तकनीकी विश्लेषण उपकरणों और संकेतकों के साथ थोक सौदे की जानकारी को संयोजित करें। चार्ट पैटर्न, समर्थन और प्रतिरोध स्तर और अन्य तकनीकी संकेतों को देखें जो थोक डील डेटा के साथ संरेखित होते हैं।

### सेक्टर रुझानों की निगरानी करें

व्यापक बाजार संदर्भ और सेक्टर रुझानों पर विचार करें। संभावित व्यापारिक अवसरों का विश्लेषण करते समय विशिष्ट क्षेत्रों या उद्योगों में थोक सौदे अधिक प्रासंगिक हो सकते हैं। बाज़ार समाचार, कंपनी घोषणाओं और व्यापक आर्थिक कारकों पर अपडेट रहें। बाहरी घटनाएं स्टॉक की कीमतों को प्रभावित कर सकती हैं और थोक सौदा गतिविधि को संदर्भ प्रदान कर सकती हैं।

### जोखिम प्रबंधन

अपनी पूंजी की सुरक्षा के लिए जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करें। जबकि थोक सौदे बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं, किसी भी व्यापारिक अवसर के समग्र जोखिम और इनाम पर विचार करना आवश्यक है।

**खबर संक्षेप**

### उमंग के साथ मनाया वार्षिक उत्सव

**सोनीपत।** जानकी दास कपूर पब्लिक स्कूल सोनीपत में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। पूरा आयोजन सृजनात्मकता पर आधारित रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील दयाल वर्ल्ड बैंक में ऊर्जा और जलवायु वित्त विशेषज्ञ, गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. विभुति गौर(एसोसिएट प्रोफेसर) विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। अतिथियों के स्वागत के पश्चात दीप प्रज्वलन तथा शांति पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर (समन्वयक) नीता कोहली ने कार्यक्रम में पधारे गणमान्य जन तथा अभिभावकों का धन्यवाद किया।

### 76वें दिन भी जारी जठेड़ी का अनशन

**सोनीपत।** एसटी एक्ट और आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के महासचिव रविन्द्र जठेड़ी का आमरण अनशन शनिवार को लघु सचिवालय परिसर में 76 वें दिन भी जारी रहा। नियमित सत्याग्रही राकेश धारीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार की अनदेखी से लम्बे समय से अनशन पर चल रहे पार्टी महासचिव रविन्द्र जठेड़ी का स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है। उनका वजन भी घटकर काफी कम हो चुका है और अब तो इन्हें नींबू पानी से भी उबकाई आने लगी है, बावजूद इसके शासन/प्रशासन द्वारा उनका नियमित स्वास्थ्य चेकअप भी नहीं कराया जा रहा है।

### गांव जुआं के बीपीएल परिवारों का धरना जारी

**सोनीपत।** लघु सचिवालय के सामने जुआं गांव के बीपीएल परिवारों का धरना शनिवार को भी जारी रहा। इस दौरान धरने को संबोधित करते हुए जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द से जल्द कब्जा कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट जाएगा। इसके बाद ग्रामीण सरकार की विकसित भारत यात्रा को काले झंडे दिखाकर स्वागत करते हुए विरोध जताएंगें। संजय बड़वासनिया ने कहा कि बीपीएल परिवार सालों पहले आवंटित हुए प्लॉटों पर कब्जे की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। सालों से कब्जे के लिये दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। पूर्व सरपंच प्रदीप तिहाड़ कलां मौजूद रहे।


## विकसित भारत संकल्प यात्रा : सांसद ने लोगों की समस्याएं सुनी

# लाभार्थियों को शीघ्र योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश

### सांसद रमेश कौशिक ने विभागों द्वारा लगाई स्टॉलों का अवलोकन किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

### सांसद ने गांव न्यात में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**गोहाना।** एक महिला को गैस चूल्हा देते सांसद रमेश कौशिक, साथ में जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, जिला महामंत्री परमवीर सैनी व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*



**गन्नौर।** प्रधानमंत्री के वर्चुअल सीधे संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करती गुजरात से राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार साथ में भाजपा नेता। *फोटो :हरिभूमि*

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को गोहाना तहसील क्षेत्र के गांव न्यात में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि सांसद रमेश कौशिक ने किया। कार्यक्रम में सांसद ने लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

सांसद रमेश कौशिक ने विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां आने वाले लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न आए उन्हें मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान करें। वे बोले कि केंद्र व प्रदेश की सरकार समाज के गरीब, महिला, किसान व युवा उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। यात्रा के दौरान सभी पात्र व्यक्ति केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। अब तक योजना के लाभ से वंचित पात्र व्यक्तियों को मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभ दिया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, एसडीएम आशीष वशिष्ठ, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0 धर्मबीर नांदल, बलराम कौशिक, परमवीर सैनी और नरेन्द्र गहलावत आदि उपस्थित रहे।

## योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया

**गन्नौर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शाहपुर तगा गांव में वर्चुअल माध्यम से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे संवाद कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। शाहपुर तगा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि गुजरात से राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार ने किया। राज्यसभा सदस्य कविता का पाटीदार का कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामवासियों स्वागत किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने गांव की नन्ही बेटी के जन्म दिन अवसर पर बेटी के साथ केक काटा और उसे जन्मदिन की बधाई देते भगवान से उसकी लंबी उम्र की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हरियाणा की धरती से ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान की शुरूआत की थी। कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपना विशेष योगदान दे रही हैं। केंद्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत करवाते उनका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी विजन के साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा।



**राई।** विधायक मोहनलाल बड़ौली विकसित भारत संकल्प यात्रा में सेवली गांव में संबोधित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

# हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई

### गांव सेवली व प्रीत्तमपुरा पहुंची यात्रा

- विधायक बड़ौली ने किया आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को गांव सेवली व प्रीत्तमपुरा पहुंची और लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया। संकल्प यात्रा के तहत गांवों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने किया। जनसंवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई।

इस मौके पर ब्लॉक समिति राई के चेयरमैन प्रदीप सबोली, बीडीपीओ सुरेन्द्र कुमार, नंदकिशोर, पार्षद राकेश, अंजलि बजाज, विनोद बैरागी, अशोक भारद्वाज, वेदपाल शास्त्री, परमजीत, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार नांगल, गांव सेवली के सरपंच प्रशांत, गांव बहालगढ के सरपंच राजेश, गांव औरंगाबाद के सरपंच शिवम, गांव प्रीत्तमपुरा की सरपंच प्रीति, एसईपीओ सुरेन्द्र पुनिया, गांव नाथूपुर के सरपंच साहब सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वर्ण पदक विजेता का सम्मान

- नालंदा इंटरनेशनल स्कूल में इंटर स्कूल स्केटिंग व बॉक्सिंग महाकुंभ का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को इंटर स्कूल स्केटिंग व बॉक्सिंग महाकुंभ का शुभारंभ हो गया। प्रतियोगिताओं के पहले दिन विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अपने अपनी प्रतिभा दिखाई।

पहले दिन स्केटिंग प्रतियोगिता में तेरह विद्यालयों के लगभग 4 सौ खिलाड़ियों और बॉक्सिंग प्रतियोगिता में डेढ़ सौ खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि आयकर अधिकारी प्रवीन मोर और टीटीई अशोक मलिक रहे। संयोजन स्कूल की एमडी रीना मलिक का रहा और अध्यक्षता प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने की। इस दौरान हाल ही में जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर लौटे हार्दिक पंवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्केटिंग कोच उमेश सिंह भी उपस्थित रहे।



**गोहाना।** खिलाड़ी हार्दिक पंवार को सम्मानित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

### किया पत्रिका आलोक स्तंभिका का लोकार्पण

**सोनीपत।** जीवीएम संस्थाओं के प्रेजीडेंट डा. ओपी परूथी ने वर्ष 2022-23 के तहत प्रकाशित की गई जीवीएम गर्ल्ज कालेज की वार्षिक पत्रिका आलोक स्तंभिका को लोकार्पित करते बधाई दी। उन्होंने कहा कि कालेज की पत्रिका छात्राओं के लिए अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। सभी छात्राओं को लेखन में रूचि लेते हुए पत्रिका के लिए सामग्री उपलब्ध करवानी चाहिए। कालेज की पत्रिका के विमोचन समारोह का शुभारंभ डा. ओपी परूथी ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इस मौके पर कालेज की प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने उनका स्वागत करते हुए पत्रिका प्रकाशन की शुरूआत से अब तक के सफर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1988 में पत्रिका के प्रकाशन का प्रारंभ किया था। तब से लेकर आज तक वार्षिक पत्रिका अविलंब प्रकाशित की जा रही है, जिसमें छात्राओं के साथ शिक्षकगण का विशेष योगदान रहता है।

# जैंतिया प्रथम, अरावली हाउस द्वितीय

- पुरस्कार वितरण के साथ हुआ स्पोर्ट्स मीट का समापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा**

द स्टैनफोर्ड स्कूल में हुए दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। ज्ञातव्य है कि द स्टैनफोर्ड स्कूल में आठ व नौ दिसंबर को दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसके परिणाम भी प्रतियोगिता के दूसरे दिन घोषित कर दिये गए थे। जबकि पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया।

चेयरमैन उत्सव दहिया, निर्देशिका पूजा दहिया और प्रधानाचार्य संजीत नैन ने स्पोर्ट्स मीट का लेखा-जोखा पेश किया और विजेता खिलाड़ियों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीतकर जैंतिया हाउस प्रथम स्थान पर रहा और अरावली हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य संजीत नैन ने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर ध्यान देने की भी नसीहत दी और खेलों का महत्त्व समझाया। शिक्षक सिद्धांत जैन ने मंच का संचालन किया। पुरस्कार वितरण समारोह में अध्यापक व विद्यालय कर्मचारी मौजूद रहे।



**खरखौदा।** खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते चेयरमैन उत्सव दहिया व प्राचार्य।

## परिवर्तन - एक आगाज कार्यक्रम में दिखाई प्रतिभा



**खरखौदा।** हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में परिवर्तन - एक आगाज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें के -जी कक्षा के नन्हे मुन्ने बच्चों ने धूमधाम से मासिक उत्सव मनाया। चेयरमैन अनीश दहिया व प्रधानाचार्या सुमित ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । उसके बाद सरस्वती वंदना, रामलीला, गिद्दा व विभिन्न प्रकार के नृत्य नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए। इसके साथ-साथ बच्चों ने बड़े मनमोहक तरीके से कहानी, स्वयं परिचय व विभिन्न प्रकार के रोल प्ले किए जैसे अब्दुल कलाम, सुभाष चंद्र बोस, शहीद ए आजम भगत सिंह, राम, सीता और हनुमान आदि। बच्चों ने शानदार ढंग से अपनी प्रस्तुतियां दी। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और कार्यक्रम को सराहा। कार्यक्रम के अंत में अनीश ने जहां बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की वहीं अभिभावकों की उपस्थिति का शुक्रिया अदा किया। *फोटो:हरिभूमि*



**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा

**सोनीपत।** इनेलो की महिला प्रदेशाध्यक्ष सुमित्रा ने शनिवार को जिला सोनीपत के इनेलो कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में आगामी 31 दिसंबर की नई अनाज मंडी, उचाना में होने वाले महिला आक्रोश सम्मेलन के तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में इनेलो की महिला प्रदेश अध्यक्ष का जिला इकाई की समस्त कार्यकारिणी ने स्वागत किया। पार्टी पदाधिकारियों के समक्ष महिलाओं ने इस आक्रोश सम्मेलन में शामिल होने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर इनेलो पार्टी सोनीपत के जिला प्रभारी व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल, जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार मालिक, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कौशिक, महिला जिला अध्यक्ष राजबाला गहलावत, भैयराज दहिया, सुरेन्द्र सिरसाढ़, विजेन्द्र शेखपुरा, दिलबाग मलिक, जितेन्द्र नांदल, पूर्व चेयरमैन बालकिशन शर्मा, कुणाल गहलावत, विकास मलिक, दिग्विजय नांदल, मनजीत फोगाट, राजो आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्षिक खेल उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विशिष्ट अतिथि डॉ. दीपेश व प्रतिभा त्यागी, असिस्टेंट कमांडेंट ऑफ आईटीबीपी द्वारा तिरंगे गुब्बारे उड़ाकर की गई। इस अवसर पर कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए व विद्यार्थियों ने कई खेल स्पर्धाओं जैसे 800 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, शॉट पुट, लॉन्ग जंप, रिले रेस आदि में बढ़चढ़ कर भाग लिया। शिक्षकों व सहायक स्टाफ के लिए भी कई प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर सोनीपत की शान व भारत के सर्वश्रेष्ठ पैरा ओलंपियन अमित कुमार सरोहा ने कार्यक्रम में शिरकत की। गणमान्य अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन राकेश कुच्छल ने विजेताओं को बधाई दी व कार्यक्रम में पधारने के लिये अतिथियों का आभार प्रकट किया।



## देवा संस्था ने कामी ग्राम पंचायत को ई-ऑटो रिक्शा भेंट की

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता जरूरी: देवेंद्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि युवाओं का सही मार्गदर्शन करने के साथ ही क्षेत्र का विकास जरूरी है। उनकी संस्था आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निशुल्क कोचिंग देकर उनका करियर बनाने की अपार संभावनाएं उत्पन्न कर रही है। इसके साथ ही खिलाड़ियों को स्टेट लेवल से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने पर प्रोत्साहित कर रही है, ताकि युवा नशे आदि की लत का शिकार न होकर खेलों में अपनी रूचि बनाए। ये बातें कादियान ने शनिवार को गांव कामी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले स्वच्छ गन्नौर स्वस्थ गन्नौर मुहिम तहत देवा सोसायटी की ओर से कामी ग्राम पंचायत को कूड़ा उठाव को लेकर एक ई-ऑटो रिक्शा भेंट की और सफाई कर्मी को सम्मान देने के साथ ही ऑटो की चाबी सौंपी। कादियान ने कहा कि स्वस्थ रहने के साथ ही स्वच्छता का होना बेहद जरूरी है, इसी सोच के साथ देवा संस्था क्षेत्र के जरूरतमंद ग्राम पंचायतों को बारी-बारी ई-ऑटो रिक्शा देने का काम कर रही है। जिन ग्राम पंचायत को ई-रिक्शा दी जा चुकी है, वहां से सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है। लोग इधर-उधर कूड़ा फेंकने की बजाय अब रिक्शा में डालते है। इस अवसर पर सरपंच बलराज, सतबीर, कृष्ण, रामकिशन, भीम सिंह, लीलू पंड़ित, राममेहर, वेदपाल, प्रवीन नैन, बलवान सिंह, ओमप्रकाश, अनिल, धर्मबीर, मोनू, संजीव, हिम्मत, प्रेम, राजेश मास्टर आदि मौजूद रहे।




समाजसेवी देवेंद्र कादियान स्वच्छ गन्नौर स्वस्थ गन्नौर मुहिम के तहत कामी गांव में ई रिक्शा देते हुए।




**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थीगण।

### शारीरिक फिटनेस के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ गोहाना रोड में आज 'खेलो भारत खेलो' खेल वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक एसके शर्मा, मुख्य अतिथि राकेश अग्रवाल, विशेष अतिथि नीरज शर्मा, सीमा देशवाल, शालीन, विद्यालय अध्यक्ष नीरज शर्मा, विद्यालय निदेशिका रीमा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद सरस्वती वंदना से किया गया। खेलों का महत्व को दर्शाते बच्चों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने योगा, डंबल, पीटी, लेजियम के माध्यम से लोगों को शारीरिक फिटनेस के बारे में जागरूक किया। नृत्य, लघु नाटिका, कविता, भाषण आदि भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बताया कि खेल हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इनके बिना हमारा जीवन अधूरा है और ये व्यायाम का सबसे सस्ता और उपयोगी साधन है। मुख्य अतिथि ने वार्षिकोत्सव की महत्ता बताते हुए बच्चों की प्रतिभा और क्षमता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय अध्यक्ष नीरज शर्मा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और समयबद्धता, अनुशासन तथा समूह में कार्य करने के लिए बच्चों को उनकी मनपसंद के खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। रीमा शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। खेल सप्ताह के इस वर्ष के विजेता सदन और अन्य विजेता प्रतिभागियों को मैडल और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। स

**न्यायालय श्री अशोक कुमार, नायब तहसीलदार एवं सहायक कलेक्टर, प्रथम/द्वितीय श्रेणी खरखौदा।**

केस नं. 79/NTK किस्म मु. तकसीम मौजा: जियाउदीनपुर
अनुमान

**प्रमिला पत्नी राजेश कुमार पुत्र मांगेराम निवासी गांव सिलाना तहसील खरखौदा जिला सोनीपत**
**फरीक अव्वल**

**बनाम**

1. रामेश्वर 2. भूप सिंह 3. रामकंवार 4. फुलराज 5. सतपाल पुत्रान चरनजीलाल पुत्र कुन्दन निवासी गांव रोहट तहसील व जिला सोनीपत 6. रोशनलाल पुत्र हुक्मचन्द पुत्र मातूराम निवासी अमृतसर पंजाब 7. करण सिंह 8. रतन सिंह पुत्रान दीपचन्द्र पुत्र भोला 9. प्रेम सिंह पुत्र दलेल सिंह पुत्र मान सिंह निवासी गांव थाना कलां तहसील खरखौदा जिला सोनीपत 10. प्रदीप कुमार पुत्र रणबीर सिंह पुत्र श्रीचन्द निवासी गांव बिधलान तहसील खरखौदा जिला सोनीपत 11. जगदीश पुत्र नाहने पुत्र ईश्वर सिंह गांव थाना कलां 12. प्रदीप कुमार पुत्र जयकरण पुत्र रतिराम गांव भैंसवाल कलां तहसील गोहाना जिला सोनीपत 13. देवेन्द्र पुत्र जयप्रकाश पुत्र गोपाल 14. शीला देवी पत्नी कृष्ण कुमार पुत्र रणधीर कुमार 15. पतीशवर 16. तिलकराज 17. मुनेशवर 18. रामेशवर पुत्रान शम्भूलाल पुत्र ब्रिजलाल 19. आजाद सिंह 20. रामबीर सिंह पुत्रान हुशयार सिंह पुत्र गुगन निवासी गांव थाना कलां तहसील खरखौदा जिला सोनीपत 21. पूजा देवी पत्नी प्रदीप कुमार पुत्र रामचन्द्र निवासी गांव झरोठ 22. पुष्पा देवी पत्नी धर्म सिंह पुत्र प्यारेलाल निवासी गांव थाना कलां तहसील खरखौदा जिला सोनीपत।

फरीक दोयम

दरखास्त तकसीम खेवट नं. 63/60 खाता नं. 87 कुल तादादी रकबा 11 कनाल 03 मरले मौजा जियाउदीनपुर
**प्रकाशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त केस अनुमान प्रमीला बनाम रामेश्वर आदि मौजा जियाउदीनपुर तहसील खरखौदा जिला सोनीपत का तकसीम का केस इस न्यायालय में विचाराधीन है। फरीक अव्वल ने दरखास्त पेश की है कि फरीक दोयम संख्या ज्यादा है। अतः प्रकाशन के जरिये फरीक दोयम को सूचित किया जावे। इसलिए प्रकाशन के जरिये फरीक दोयमगण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त केस की आगामी तिथि पेशी 20.12.2023 निश्चित है। उपरोक्त फरीक दोयमगण जहां भी रहते है निश्चित तिथि पेशी 20.12.2023 तक असालतन या वकालतन हाजिर न्यायालय आवे। अन्यथा उनके विरूद्ध नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत में जारी हुआ।

**हस्ता/- सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी खरखौदा।**

**खबर संक्षेप**

### मकान के बाहर से कार चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र के सेक्टर-15 मैन रोड से घर के बाहर खड़ी कार के चोरी होने का मामला सामने आया है। कार मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला का पति पर मारपीट व धमकी देने का आरोप

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर में महिला ने अपने पति पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### एसो. की नई कार्यकारिणी सोमवार लेगी शपथ

**सोनीपत।** जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी प्रधान अनिल ढुल के नेतृत्व में सोमवार को बाररूम में आयोजित कार्यक्रम में पदभार ग्रहण करेगी। इस दौरान निवर्तमान प्रधान राजीव दहिया वर्षभर का लेखाजोखा पेश करेंगे और नई कार्यकारिणी को शुभकामना देंगे।

### आर्य समाज मालवीय नगर का वार्षिकोत्सव आज से

**सोनीपत।** आर्य समाज मालवीय नगर सोनीपत का 28 वां वार्षिकोत्सव रविवार 17 दिसंबर से आरंभ होगा। प्रधान नारायण सिंह दहिया ने बताया कि कार्यक्रम में आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान सेठ राधा कृष्ण की अध्यक्षता रहेगी, वहीं पूर्व मंत्री कविता जैन पूर्व और सीएम के पूर्व मीडिया सलाहाकार राजीव जैन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे।

### गांव महलाना में मेगा शिविर 19 को

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी अशोक कुमार मान ने बताया कि डीएलएसए द्वारा 19 दिसंबर को सुबह गांव के राजकीय हाई स्कूल में राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण मॉडयूल और ग्रॉस रूट लेवल कैंप के अनुसार एक मेगा शिविर का आयोजित होगा।

### गो सेवकों को सम्मान स्वरूप भेंट किए कंबल

**खरखौदा।** जग उत्थान खेल शिक्षा समिति ने पीड़ित अठगामा गौशाला सैदपुर में कार्यरत सभी गो सेवक कर्मचारियों को सम्मान स्वरूप कंबल वितरित किए। प्रधान सोमवीर आर्य ने बताया कि जग उत्थान खेल शिक्षा समिति समाज हित के कार्यों के लिए प्रयासरत रहती है।

## स्वर्णिम विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

# डीसी ने शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर वीर शहीदों को किया नमन



सोनीपत। शहीदों को नमन करते हुए उपायुक्त साथ में जवान। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

भारत की पाकिस्तान पर 1971 में विजय की 52वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से वीर शहीदों को उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने नमन किया। उपायुक्त ने शनिवार को शहीदी स्मारक पर 1971 के भारत-पाक युद्ध के वीर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने शस्त्र झुका सलामी दी। इस दौरान जिला सैनिक बोर्ड की ओर से कर्नल कुलदीप सिंह दलाल, सेना केंटिन के इंचार्ज कर्नल सुरेन्द्र मलिक सहित सैनिक बोर्ड के कर्मचारी धर्मबीर, सुरेश शर्मा, विजय, कृष्ण, धर्मबीर, रेखा, सुंदर तथा हिन्दू कॉलेज व जीवीएम कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों की शहादत को नमन किया।

## विजय दिवस पर सीएसडी कैंटीन में पूर्व सैनिक सम्मानित

- विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

देश की पाकिस्तान पर विजय के 52वें दिवस पर शनिवार को पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे के तत्वावधान में हुआ। सम्मान समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने की। मुख्य वक्ता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी रहे। दांगी ने कहा कि विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। तत्कालीन पी.एम. स्व. इंदिरा गांधी के नेतृत्व में देश की सेना ने पाकिस्तान को धूल चटा दी थी। उस युद्ध में पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों ने भारत के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। यह आत्मसमर्पण लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने किया गया था। मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा कि इसी युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को एक और विभाजन की विभीषिका का सामना करने के लिए तब मजबूर कर दिया था जब पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र हो गया था तथा बांग्लादेश के नाम से अलग देश अस्तित्व में आया था। इस अवसर पर जगदीश सांगवान, रामफल मेहरा, कर्मबीर सांगवान, रणबीर सांगवान, राम कुमार, शेरदीन, तुलसीराम पांचाल, हरिचंद मलिक, सुभाष शर्मा, उधम सिंह आदि भी उपस्थित रहे।



गन्नौर। प्रोत्साहन 2023 कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते स्कूल निदेशक अमित बत्रा। फोटो: हरिभूमि

## अभिनेता पुनीत इस्सर और किरण कुमार गन्नौर में आज

### प्रयास स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव पर 17 दिसंबर को प्रोत्साहन 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महाभारत के दुर्योधन का दमदार किरदार निभा चुके पुनीत इस्सर व जानेमाने अभिनेता किरण कुमार शिरकत करेंगे। दोनों अभिनेता उत्सव में बच्चों के साथ मंच सांझा करेंगे।

स्कूल के रजिस्ट्रार डा. मनोज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में एक हजार बच्चे मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्राचार्य कृष्ण मलिक की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में अतुल्य भारत के दर्शन होंगे और सतयुग से आज तक के विराट भारत की विशाल परंपराओं व महानता का परिचय होगा।

कार्यक्रम में गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी व सीटी यूनिवर्सिटी लुधियाना के वाइस चांसलर डा. अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम गन्नौर डा. निर्मल नागर, गन्नौर एसीपी गोरखपाल राणा, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंद्र कादियान, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, स्कूल चेयरमैन सुरेश बत्रा, एमडी डा. संजय जैन, अमित बत्रा, व्यवसायी पावेल गर्ग, संजीव गोयल, सनत जैन, अमित जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## भाषण प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की खंड स्तरीय प्रतियोगिता में नवज्योति स्कूल की छात्रा मुस्कान रही। खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 11 दिसंबर को गन्नौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करवाया गया था। जिसमें खंड स्तर पर 15 स्कूलों ने भाग लिया था। नवज्योति शिक्षा सदन की तरफ से वंशिका एवं प्राची निबंध प्रतियोगिता में हुनर, मुस्कान व जय ने गीता श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में और लक्की, दीप्ति, अंशिका ने भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। भाषण में नवज्योति शिक्षा सदन से मुस्कान ने प्रथम रही।



गन्नौर। प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को सम्मानित करते अस्टिंट ब्लाक रिसोर्स को आर्डिनेटर। फोटो: हरिभूमि

हुनर व जय तृतीय रहे। भाषण में अंशिका ने द्वितीय स्थान एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में नव ज्योतियन वंशिका तृतीय स्थान पर रही। प्राची को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निदेशक राजेंद्र कौशिक व प्राचार्या हिनू शर्मा ने सभी बच्चों को सम्मानित किया।

## ओएसडी ने मंडी में सुनी व्यापारियों की समस्याएं

- सीएम के ओएसडी वीरेंद्र का नई अनाज मंडी में पहुंचने पर व्यापारियों ने किया स्वागत, समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर



गन्नौर। सीएम के ओएसडी वीरेन्द्र बड़खालसा व्यापारियों को जन कल्याणकारी नीतियों की जानकारी देते हुए।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी बीरेंद्र बढ़खालसा शनिवार को रेलवे रोड सिथित नई अनाजमंडी में पहुंचकर आढ़तियों की समस्याएं सुनी। मंडी में पहुचने पर सुरेश बत्रा, पूर्व चेयरमैन महाबीर चिरस्मी, हरिप्रकाश जिंदल आदि व्यापारियों ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के ओएसडी से मांग की कि बरसात के मौसम में मंडी में जलभराव हो जाता है जिसके चलते व्यापारियों व किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए वे सरकार व स्थानीय नेताओं से कई बार गुहार लगा चुके है लेकिन अभी तक कोई समाधान नही हुआ है। आढ़तियों ने ओएसडी से जीटी रोड पर बड़ी मंडी बनवाने की भी मांग की है। ओएसडी ने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि जलभराव की समस्या का जल्द समाधान करवा दिया जाएगा, बड़ी मंडी बनवाने की मांग पर कहा कि इस बारे वे अधिकारियों से बात करेंगे और कोई उचित जगह मिलने पर मंडी निर्माण पर सरकार विचार करेगी। ओएसडी वीरेन्द्र ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी व्यापारियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल हर समय गरीब, किसान, व्यापारी व अन्य लोगों को उनका हक उनतक कैसे पहुंचे इस लगातार मंथन करते रहते है। मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा ने कहा कि पद मिलना मतलब जिम्मेदारी बढना है। सामाजिक संघर्ष और कामों के बदले यह दायित्व मिला है। किसी सिफारिश या पारिवारिक पृष्ठभूमि के आधार पर नहीं। इस अवसर मुकेश जैन व निशांत छोक्कर सहित कई व्यापारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मृदा पर्यावरण के बचाव के लिए प्राकृतिक व जैविक खेती जरूरी

- सूर्या साधना स्थली में हुआ प्राकृतिक एवं जैविक किसान सम्मेलन

**खरखौदा।** सूर्या फाउंडेशन व राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र, गाज़ियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में सूर्या साधना स्थली, झिंझौली में प्राकृतिक एवं जैविक किसान सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें दिल्ली व हरियाणा के लगभग 700 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने राज्य सरकार व केंद्र सरकार के कृषि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सोनीपत क्षेत्र में 12000 करोड़ की लागत से बन रही सबसे बड़ी मंडी के विषय में किसानों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खेती में बढ़ती रासायनिक खाद के उपयोग से बढ़ती स्वास्थ्य समस्याएं आज की प्रमुख समस्याओं में से एक है। अधिक उत्पादन की दौड़ में अंधाधुंध रसायनिक खादों के प्रयोग से आज मिट्टी दूषित हो गई है। और उन विकृतियों का परिणाम आज हमें खाद्य पदार्थों में दिखता है।

## नि:शुल्क शिविर में जांची 342 की आंखें

- राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा ने किया शिविर का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा द्वारा गांव सफियाबाद में निशुल्क नेत्र जांच कैम्प आयोजित किया गया। जिसमे 342 लोगों की आंखों की जाँच हुई। जिसमें 48 लोग मोतियाबिंद के फ्री आप्रेशन योग्य पाए गए। जिनका संस्था के द्वारा निशुल्क आप्रेशन करवाया जाएगा। शिविर में निशुल्क दवाई व चश्मे दिए गए। प्रतीक राजकुमार शर्मा ने कहा कि संस्था राई हलके के सभी गांवों में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाए जा रहे है। इसके अलावा हलके में संस्था द्वारा कालेज जाने वाले लड़कियों के लिए निशुल्क बस सेवा, पेयजल सेवा के अलावा अन्य सामाजिक कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि संस्था का प्रयास है कि जरूरतमंद लोगों की सेवा हो सके। डा. धीरेंद्र सिंह और डा. श्रॉफ की टीम से रीतिका, सोनिया, डॉ नुर अहमद ने लोगों की जांच की।



राई। शिविर में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा आंखों की जांच करवाते हुए।

**ये रहे मौजूद**

गांव से सतपाल खत्री, सुरेंद्र मोर, जिले सिंह, योगेन्द्र कौशिक, कुलदीप कौशिक, रामनाथ, सतीश जांगड़ा, अनिल लुहेरा, जितेंद्र बंजारा, राजबीर जांगड़ा, उम्मेद कौशिक, सुखबीर कौशिक, आशु मोर, महेंद्र सिंह थानेदार, जोगिंदर मोर, बंसी कौशिक, दलबीर सिंह आदि शामिल रहे।

## बीपीएल परिवारों को मिलेगी मेडीकल और अन्य सुविधाएं

- धर्मार्थ व जन सेवा भावना से रिक्शा व टैम्पों चालकों को राहत



डा. रूचि चौधरी।

**गन्नौर।** रेलवे रोड पर मिनी सचिवालय के पास स्थित विवान जन सेवा अस्पताल द्वारा धर्मार्थ एवं जन सेवा की भावना से रिक्शा व टैम्पों चालकों व पीले राशन कार्ड धारकों के लिए एडमिट बैड चार्ज की सुविधा निशुल्क व एडमिट के बाद शुगर, बीपी की जांच निशुल्क की जाएगी। जानकारी देते हुए विवान अस्पताल की डा. रूचि चौधरी व निदेशक डा. आशीष चौधरी ने जानकारी दी। डा. रूचि चौधरी ने बताया कि अस्पताल द्वारा शुरू की गई सेवा का जरूरतमंद को लाभ लेना चाहिए। इसके अलावा अस्पताल द्वारा समय- समय पर गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती है।

### छोटे बच्चों ने आकर्षक भाव भंगिमा में सुनाई प्रेरक कविताएं

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) के प्रांगण में शनिवार को प्ले स्कूलों का भव्य खेल उत्सव कार्यक्रम हुआ। छात्रों ने आकर्षक भाव भंगिमा में छोटी-छोटी प्रेरक कविताएं सुनाई। लेमन स्पून, स्प्रिंट रेस, बैलून ब्रस्टिंग, बॉल बैलेंसिंग, होपिंग गैटिंग रेडी फॉर स्कूल आदि अनेक प्रकार के खेलों को छात्रों ने प्रदर्शित करके उपस्थितजनों का मन मोहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### सदर थाना गोहाना में क्राइम सीन फोटोग्राफी पर कार्यशाला आयोजित

**गोहाना।** पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) भारती डबास के निर्देश पर शनिवार को थाना सदर गोहाना में क्राइम सीन फोटोग्राफी के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में एसीपी सोमवीर सिंह व क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी समेत करीब 55 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में एफएसएल सोनीपत के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. कृष्ण ने अपनी टीम के साथ फोटोग्राफी का घटनास्थल पर या संगीन मामलों में भौतिक साक्ष्यों का सुरक्षित रखने का महत्व व फोटोग्राफी करने के तरीके बताए। एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. कृष्ण ने बताया कि फोटोग्राफी मुख्यतः अपराध स्थल के आकार और स्थिति पर निर्भर करती है। फोटोग्राफी हमेशा स्टर स्क्रीन और अपरचर पिक्सल पर आधारित होती है। इसमें दृश्य को उसकी संपूर्णता में शूट करना, व्यापक रेंज शॉट्स का उपयोग करना, और फिर अनुसन्धान में उपयोगी वस्तुओं के संबंध/स्थिति को चित्रित करने के लिए क्लोज-अप का उपयोग करना शामिल है।

### दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन

**सोनीपत।** शिव मॉडर्न स्कूल में आयोजित दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हो गई। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने खूब जोर लगाया। विद्यालय की निदेशिका सुनीता ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा की हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू है। हरियाणा सयुंक्त विद्यालय संघ सोनीपत के प्रधान एवं विद्यालय के चेयरमैन अजमेर सिंह ने सभी विद्यार्थियों के उत्तम प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेल में घनिष्ठ सम्बन्ध है क्योकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है।



प्रतियोगिता के दौरान खेलते खिलाड़ी।

### अमल और तन्नू बेस्ट एथलीट, एसएलएम स्कूल में में दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव

**सोनीपत।** एसएलएम स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुहणा फरमाना में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मानव अधिकारों के संरक्षक जयवीर गहलावत द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दौरान सभी विद्यार्थियों ने वॉलीबॉल, कबड्डी, रिले रेस, 3 लेग रेस, लॉन्ग जंप आदि सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने लड्डू दौड़ में अपना कौशल दिखाया। कार्यक्रम का समापन मांगेराम राठी व अत्र सिंह मलिक ने किया। अतिथियों ने बेस्ट एथलीट बॉय अमन गहलावत व बेस्ट एथलीट गर्ल तन्नू गहलावत व अन्य खेलो में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए। स्कूल निदेशक सूबे सिंह गहलावत ने अतिथियों को सम्मानित किया। सविता देवी व प्राचार्य रमेश वशिष्ठ ने अतिथियों का स्वागत किया व बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके मंजीत गहलावत, सुनील कुमार आर्य, मीना कुमारी, सुशीला गहलावत मौजूद रहे।

### शेर सिंह स्कूल में विद्यार्थियों ने लिया वन्य प्राणियों के संरक्षण का संकल्प

**गोहाना।** शहर में शेर सिंह पब्लिक स्कूल में शनिवार को वन्य प्राणी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने वन्य प्राणियों के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह का रहा। उन्होंने कहा कि वन्य प्राणियों के बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं हैं। ये प्रकृति का अहम हिस्सा हैं। हम सब को मिल कर वन्य प्राणियों के संरक्षण की दिशा में काम करना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य जयवीर सिंह रुहिल ने की। उन्होंने कहा कि वन्य प्राणी प्रकृति के तत्वों और खाद्य श्रृंखलाओं के संरक्षण को संतुलित करता है।



गोहाना। विद्यार्थियों को वन्य प्राणियों के बारे में जानकारी देते हुए वन रक्षक इंद्रेश सांगवान।

## ब्राइट स्कॉलर स्कूल के तैराकों ने 9 स्वर्ण सहित 20 पदक जीते

# पदक विजेता खिलाड़ियों का किया स्वागत

- अंबाला में आयोजित टेलेंट हंट तैराकी प्रतियोगिता में तैराकों ने किया शानदार प्रदर्शन, अगस्त्या बने सर्वश्रेष्ठ तैराक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

टैलेंट हंट तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ स्वर्ण सहित 20 पदक जीतकर लौटे ब्राइट स्कॉलर स्कूल के तैराकों का स्वागत किया गया। यह प्रतियोगिता हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन की तरफ से अंबाला में आयोजित की गई थी। जिसमें स्कूल के तैराकों ने विद्यालय का परचम लहराया है। ब्राइट स्कॉलर स्कूल की प्राचार्य किरण दलाल ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के तैराकों ने भाग लेते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। ब्राइट स्कॉलर से तैराकों की टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और अनेकों पदक अपने नाम किए। अगस्त्या ने 50 व 100 मीटर बैकस्ट्रोक, 100 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक जीत 2100 रुपय का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। अगस्त्या के बेहतर प्रदर्शन पर । उसे सर्वश्रेष्ठ तैराक का खिताब भी मिला। इसके अलावा ईराज सहरावत ने तीन स्वर्ण, एक रजत, अनव मलिक ने एक स्वर्ण, दो रजत व एक कांस्य पदक, याशिका सहरावत ने तीन कांस्य, अयानवीर खत्री ने दो स्वर्ण व दो रजत, काव्य शर्मा ने एक स्वर्ण, एक रजत, शुभम ने एक स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीत कर ब्राइट स्कॉलर स्कूल का नाम रोशन किया। प्राचार्य किरण दलाल ने विजेताओं को बधाई देते हुए प्रशिक्षक नीरज को कुशल मार्गदर्शन के लिए शुभकामना दी।



सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में विजेता तैराक प्राचार्य किरण दलाल के साथ पदक दिखाते हुए। फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच के बारे में दी जानकारी

**गोहाना।** शहर में महम-मार्ग स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या अनीता शर्मा ने की। मुख्य वक्ता स्कूल के एमडी राजबीर शर्मा ने कहा कि गुड टच और बैड टच की जानकारी सभी विद्यार्थियों को होनी चाहिए। अगर किसी विद्यार्थी के साथ कोई भी व्यक्ति बैड टच करता है तो इसकी जानकारी शीघ्र अपने माता-पिता और शिक्षकों को दें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किसी दूसरे के साथ गलत व्यवहार न करें और न ही गलत व्यवहार सहें।